# 'अडानी का प्लांट तभी लगेगा, जब ओरण की जमीन मिलेगी'

## विधायक रविंद्रसिंह भाटी ने ग्रामीणों के साथ रोष जताया

- जैसलमेर के बईया गांव में निजी कंपनी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण कर रही है, ग्रामीणों का कहना है कि ओरण की जमीन को पहले सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए
- अगर आप हमें लिखित में देते हैं कि ओरण जमीन को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा तो हम आपके सामने काम शुरू करवाएंगे : भाटी

**जैसलमेर,** (निसं)। जैसलमेर जिले में 15 दिन से ओरण (संरक्षित जमीन) भूमि को बचाने के लिए ग्रामीण दो सप्ताह से धरने पर हैं। शुक्रवार को शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्रसिंह भाटी भी मौके पर पहुंचे और धरने में शामिल हुए और ग्रामीणों के साथ धोरों में ही रात गुजारी। इससे पहले शुक्रवार दोपहर को पुलिस और भाटी में हल्की बहसबाजी भी हुई।

जैसलमेर के बईया गांव में निजी कंपनी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण कर रही है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि ओरण की जमीन को पहले सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। विरोध-प्रदर्शन के बीच शनिवार सुबह रविंद्र भाटी कलेक्टर प्रतापसिंह से मिले। भाटी ने कलेक्टर से मुलाकात के बाद कहा कि जब तक संतोषप्रद जवाब नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शन खत्म करवाने के लिए दो ग्रामीणों को जीप में बैठा लिया। पुलिस की कार्रवाई से नाराज विधायक भाटी ने दोनों को जबरन उतार लिया। भाटी ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करने का सबको अधिकार है, आप गिरफ्तार नहीं कर सकते। हालांकि पुलिस का कहना था कि दोनों ग्रामीणों को गिरफ्तार नहीं किया गया था। इससे पहले भी पुलिस ने 14 लोगों को पकड़ा था। इसे लेकर शिव विधायक ने थाने में धरना देकर लोगों को छुड़ाया था।

धरना स्थल पर बैठे भाटी ने अधिकारियों से पूछा कि ये जीएसएस आप किसके लिए बनवा रहे हैं? ये सरकार नहीं बना रही है। ये तो मल्टीनेशनल कंपनी बना रही है। यहां बिजली का संकट कितना है ये आपको पता है क्या? शिव विधायक ने प्रशासन से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य कानून-व्यवस्था तोड़ने का नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आप हमें लिखित में देते हैं कि ओरण जमीन को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा तो हम आपके सामने काम शुरू करवाएंगे, जब तक लिखित में नहीं देते हो यह काम शुरू नहीं होगा। आप जनता को लेकर जवाबदेह हैं या कंपनी को लेकर। राजस्थान में जितनी बिजली की खपत होती है उतनी बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर का एरिया दे देता है। फिर भी यहां बिजली का इतना ज्यादा संकट है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार ग्राम गाले की बस्ती की निजी खातेदारी के खसरा नंबर 550 व 551 में कंपनी द्वारा स्विच यार्ड का काम शुरू करने के दौरान पुलिस जाब्ता भेजा गया था। इस बीच कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध करने का प्रयास किया गया। इस पर लोगों से समझाकर वहां से हटाया गया। निजी खातेदारी की जमीन पर कंपनी की ओर से जो निर्माण कार्य शुरू करवाया जा रहा है, वह नियमानुसार है।

वाइस प्रेसिडेंट, अडानी ग्रीन एनर्जी आलोक चतुर्वेदी ने बताया कि 9.62 एकड़ जमीन पर सब स्टेशन का काम शुरू होना है। सरकार की ओर से 3 हजार 304 एकड़ जमीन मिली है। यहां छह सौ मेगावाट का सोलर प्लांट लगेगा। 229 एकड़ जमीन निजी खातेदारी की है। प्रोजेक्ट मैसर्स अडानी सोलर एनर्जी बाड़मेर वन प्राइवेट लिमिटेड का है।

# डेढ़ करोड़ का डोडा-चूरा पकड़ा, तीन गिरफ्तार

## दुकान पर दबीश देकर 16 क्विंटल 42 किलो अफीम डोडा-चूरा मय ऑटो जब्त किया

- मुर्गीदाना बताकर उदयपुर से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली जाने वाली ट्रैवल्स बसों में रख तस्करी जरिये भेजा जाता था डोडा-चूरा

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा-चूरा तस्करी मामले में अन्तर्राज्यीय गिरोह के मुख्य सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से डेढ करोड़ का अवैध डोडा-चूरा से भरा ऑटो जब्त किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलख नयन हॉस्पीटल प्रतापनगर के सामने एक दुकान पर दबीश देकर अवैध अफीम डोडा-चूरा रख कर उसको पार्सल के रूप में पैक करते अन्तर्राज्यीय डोडा-चूरा तस्कर गिरोह के मुख्य सरगना लक्ष्मीपुरा थाना बड़ी सादड़ी चित्तौड़गढ़ निवासी विनोद धाकड़ पुत्र सुरेश धाकड़, उदयनाथ पुत्र नाथूनाथ निवासी साटोला थाना जालोद प्रतापगढ़ तथा पप्पुसिंह पुत्र बाघसिंह निवासी नाहरसिंह का खेड़ा बड़ी सादड़ी चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 16 क्विंटल 42 किलो अफीम डोडा-चूरा मय ऑटो जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी विनोद डोडा-चूरा तस्कर गिरोह का मुखिया होकर अपने साथियों पप्पुसिंह, उदयनाथ के साथ मिलकर बड़ी सादड़ी, चित्तौड़गढ़ की तरफ से भारी मात्रा में अवैध अफीम डोडा-चूरा उदयपुर अपने गोदाम पर लाकर कार्टून में भरकर पार्सल कर मुर्गीदाना बता कर उदयपुर से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली जाने वाली ट्रावेल्स बसों में रख तस्करी जरिये भेजता है।

पूछताछ में पिछले दो वर्ष से मेवाड़, एमपी राज्य से सटे क्षैत्रों से अफीम डोडा-चूरा की तस्करी कर पंजाब, हरियाणा व दिल्ली तक भेजने की जानकारी सामने आई है। बरामद माल की बाजार कीमत करीब डेढ़ करोड़ रूपये बताई गई है। आरोपी विनोद धाकड़ उदयनाथ के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज है तथा वह बड़ी सादड़ी थाने का वांटेड अपराधी है।

**भरतपुर में जेवरात चोरी मामले में एक गिरफ्तार :-** अटलबंद थाना पुलिस ने सोने-चांदी के जेबरात चोरी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार किया। थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में बच्चू सिंह हैड कानि. मय जाप्ता द्वारा चोरी के मुकदमे में वांछित आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना अटलबन्द के प्रकरण के मामले में वांछित आरोपी निखिल पुत्र राकेश कुमार सुनार निवासी मंडी अटलबन्द थाना अटलबन्द को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में आरोपी वरूण उर्फ मन्नू पुत्र भालेन्द्र को पूर्व में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गये सोने की एक चूडी व 1 लाख 10 हजार रूपये को बरामद किया जा चुका है।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने महेन्द्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि दी

## संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने भी श्रद्धाजंलि अर्पित की

**उदयपुर,** (कासं)। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को समोर बाग पहुंचकर महेन्द्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संदेवना प्रकट की।

जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शनिवार को उदयपुर पहुंची थी, जबकि संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल शुक्रवार देर शाम उदयपुर पहुंच गए थे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी एयरपोर्ट से सीधे समोरबाग पैलेसे पहुंचीं। यहां पर दीया कुमारी ने मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और पूर्व सांसद महेंद्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दीया कुमारी ने महेंद्र सिंह मेवाड़ के पुत्र नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ व बहू राजसमंद सांसद महिमा कुमारी और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। यहां कुछ देर मुलाकात के बाद दीया कुमारी मीडिया से रूबरू हुई।

उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि महेंद्र सिह मेवाड़ का हमेशा से उन पर आशीर्वाद रहा। जब मुझे राजसमंद से टिकट मिला, तब भी उनका आशीर्वाद लेने के लिए उदयपुर आई थी और उस दौरान आशीर्वाद के साथ बहुत सहयोग रहा। उनके निधन के बाद उनकी कमी सबको खलेगी। दीया कुमारी ने यह भी कहा कि महेन्द्र सिंह मेवाड़ के निधन से मेवाड़ और समाज को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। वहीं संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने भी महेन्द्र सिंह मेवाड़ की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ से मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट की।



समोर बाग में दिवंगत महेंद्र सिंह मेवाड़ को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# ट्रेन के आगे आए युवक के हाथ-पांव कटे, मौत

**पाटन,** (निसं)। रेलवे स्टेशन डाबला पर शनिवार को एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर सुसाइड करने का प्रयास किया, जिसमें युवक का एक हाथ और एक पैर कट गया। हादसे के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और जीआरपी को सूचना दी गई। घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से पाटन के राजकीय अस्पताल ले जाएगा जहां से हालत गंभीर होने के कारण कोटपूतली के लिए रेफर कर दिया, जहां रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक युवक के परिजनों ने मृतक युवक की पत्नी व ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ित करने का मामला दर्ज करवाया है।

मृतक युवक राहुल के पिता बसंत कुमार निवासी नारनौल हरियाणा हाल निवास गुजरात ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि मेरे बेटे राहुल को उसकी पत्नी प्रिया व उसके ससुर सोमदत्त तथा उसकी सास प्रताड़ित करते थे जिसे परेशान होकर उसने उसने आज ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली, जिसकी जेब में मिले सुसाइड नोट में भी यह लिखा हुआ है। नीमकाथाना जीआरपी एसएचओ हरविंदर सिंह ने बताया कि आज सुबह डाबला रेलवे स्टेशन पर एक युवक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से पाटन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने के कारण उसे रेफर कर दिया गया। रास्ते में घायल युवक ने दम तोड़ दिया जिसके शव को पाटना अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

# अवैध कोयले से भरा ट्रक जब्त

## लकड़ी का कोयला बनाकर हरियाणा ले जाया जा रहा था

**खेतड़ी,** (निसं)। मेहाड़ा पुलिस ने अवैध कोयले के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए कोयले से भरे ट्रक को जब्त किया है। लकड़ी से कोयला बनाकर हरियाणा में ले जाया जा रहा था।

थानाधिकारी सरदारमल चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने व सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को पिछले काफी समय से लकड़ी का कोयला बनाकर हरियाणा में ले जाने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर सीकर एसपी भूवन भूषण यादव के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर सीमावर्ती क्षेत्र में होने वाले संगठित अपराधों पर कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने निजामपुर से खेतड़ी जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। जब पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान ट्रक को रूकवाकर तलाशी ली गई तो उसमें लकड़ी से बने कोयले भरे हुए थे। जब ट्रक ड्राइवर से कोयले के बारे में पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने अवैध कोयले का परिवहन पर ट्रक को जब्त कर लिया।

इस दौरान वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया तथा मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अवैध कोयले के परिवहन पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि लकड़ी से कोयला बनाने के मामले में गहनता से जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति इस संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।



मेहाड़ा पुलिस ने अवैध कोयले के परिवहन पर कार्रवाई की।

# कार खेत में पलटी, दो रशियन युवती घायल

## गोवर्धन परिक्रमा कर जयपुर जा रही थी दोनों युवती

**नदबई** (निस)। क्षेत्र के गांव रायसीस के समीप सड़क पर आवारा जानवर को बचाने की चक्कर में में विदेशी पर्यटकों की कार असंतुलित होकर खेत में पलट गई, जिसके चलते कार में सवार दो रशियन युवती घायल हो गई। समीपवर्ती लोगों ने घायल युवतियों को गाड़ी से निकाल 108 एम्बूलेंस की सहायता से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने भी मौके पर जांच पडताल की। वहीं, विदेशी युवतियों को उपचार कर दूसरे वाहन की सहायता से जयपुर रवाना किया।

जानकारी के अनुसार रशिया निवासी ईरीना पुत्री यूरीयम अपनी साथी येकेचरीना के साथ गोवर्धन परिक्रमा कर जयपुर जा रही थी। इसी दौरान गांव रायसीस के समीप आवारा जानवर को बचाने की चक्कर में गाड़ी असंतुलित होकर खेत में पलट गई, जिसके चलते दोनों विदेशी युवती घायल हो गई। बाद में प्राथमिक उपचार कर दोनों विदेशी युवतियों को दूसरे वाहन से जयपुर रवाना किया।

# महिला की मौत

**भरतपुर,** (निसं)। वीरमपुरा में एक लापरवाही से ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहे व्यक्ति ने एक महिला को टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई। महिला के शव को जिला आरबीएम अस्पताल में रखवाया गया। वहीं पुलिस के द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया है। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरसो गांव निवासी महिला नवलदेई पास ही के गांव में तहसीलदार नाम के व्यक्ति के खेतों में निराई करने के लिए जा रही थी, जहां वीरमपुरा के पास उस महिला को एक तेज गति से लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहे व्यक्ति ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं महिला का पति गोपीचंद पीछे से आ रहा था। गोपीचंद ने नवलदेई को स्थानीय लोगों की सहायता से जिला आरबीएम अस्पताल पंहुचाया, लेकिन नवलदेई को बचाया नहीं जा सका।

# महिला की कुएं में लाश मिलने से सनसनी फैली

- मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद लगेगा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के उप नगर पुर की एक महिला शनिवार सुबह 11 साल के मासूम भांजे के साथ देवरे (मंदिर) पर जाने को घर से निकली, जिसकी बाद में कुएं में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हालांकि मौत के वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आयेंगे।

पुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उप नगर पुर में चुंगीनाका क्षेत्र में रहने वाली बाली (36) पत्नी स्व. नगजीराम रैगर के पति की छह साल पहले मौत हो चुकी है। बाली के कोई संतान भी नहीं है। ऐसे में वह अभी बालाजी का खेड़ा निवासी अपने पिता मांगीलाल पुत्र उदयराम रैगर के साथ पुर में ही रह रही थी। शनिवार सुबह बाली, देवरे पर जाने की बात कहके घर से अपने 11 साल के भांजे के साथ निकली और कुछ दूरी पर ही भांजे को रास्ते से ही वापस घर भिजवा दिया। बाद में जब बाली घर नहीं लौटी तो पिता मांगीलाल, बेटी की तलाश करने अधरशिला के आगे देवरे पर गये, जहां बाली नहीं मिली। ऐसे में उसकी तलाश करते हुये पिता एक खेत पर बने कुएं पर पहुंचा, जहां बाली के चप्पल आदि कुएं के बाहर मिले।

इस पर पुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से कुएं से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए एमजी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया, जहां शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। घटना की रिपोर्ट मृतका के पिता मांगीलाल रैगर ने पुलिस को दी। प्रथमदृष्टया पुलिस बाली की मौत को खुदकुशी मान रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेंगे।

# विवाह स्थल से नगदी और जेवर से भरा बैग चोरी

**अजमेर,** (कासं)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में जयपुर रोड स्थित एक होटल में शुक्रवार को एक विवाह समारोह के दौरान एक चोरी का मामला सामने आया है। श्रीनगर रोड आर्य नगर निवासी कार्मेंद्र शर्मा की पुत्री का विवाह समारोह था, जिसमें महिला संगीत का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक मौके का फायदा उठाकर नोटों और जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार चोरी हुए बैग में 3.25 लाख रुपये नगद, सोने के आभूषण और एक मोबाइल फोन था। परिवार वालों को जैसे ही चोरी की घटना का पता चला अफरा-तफरी मच गई और तुरन्त सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और मामला दर्ज कर लिया।

# नकली उत्पाद बेचने वाला युवक गिरफ्तार

## नामचीन ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पाद बेचने पर कार्रवाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा पुलिस ने नामचीन ब्रांडेड कंपनियों लिवाइस, जारा, टॉमी जैसे कई नामचीन ब्रांड के नकली उत्पाद बेचने वाले विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि नामचीन ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली उत्पाद बेचने वाले अभियुक्त के खिलाफ गिरफ्तारी व त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए व एएसपी पारस जैन के निर्देशन एवं मनीष बडगुर्जर वृताधिकारी वृत शहर के नेतृत्व में थानाधिकारी थाना कोतवाली राजपाल उ.नि. के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने प्रकरण में नीरज कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार जाट निवासी गोविन्दपुरम गाजियाबाद उतरप्रदेश हाल अधिकृत प्रतिनिधी की रिपोर्ट पर ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली उत्पाद जैकेट, पेंट, शर्ट, मोजे, स्वेटर, लॉवर, टीशर्ट को बड़ी मात्रा में पंचवटी स्थित गोदाम से जब्त कर नकली उत्पाद बेचने वाले मैनेजर/सेल्समेन राहुल सोनी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया

## अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला-2024 में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

- जीवन में कभी भी स्वयं नशा न करने और अपने परिवार अपने परिवार जनों को भी नशा नहीं करने की प्रतिज्ञा दिलाई

**अजमेर,** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला-2024 में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अजमेर के तत्वाधान में अपना थिएटर संस्थान अजमेर द्वारा नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत पुष्कर मेले में एक नाटक विकास प्रर्दशनी में एवं दो नुक्कड़ नाटक मेला ग्राउण्ड में प्रस्तुत किये गये।

इन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया और लोगों को तंबाकू, बीड़ी, गुटखा, जर्दा, सिगरेट, अफीम, गांजा, शराब से होने वाले सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, पारिवारिक नुकसान के बारे में बताया गया। वहीं किस तरह इस नशे को छोड़कर स्वस्थ समाज व स्वस्थ परिवार स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं तथा निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं इसके बारे में बताया गया। यह सभी बातें नुक्कड़ नाटक में मनोरंजन और संवाद के माध्यम से बताया गया। उसके पश्चात एक प्रतिज्ञा दिलाई गई, जिसके अंतर्गत जीवन में कभी भी स्वयं नशा न करने और अपने परिवार अपने परिवार जनों को भी नशा नहीं करने के लिए आव्हान किया गया।

इसके पश्चात हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत लोगों से हस्ताक्षर लिए गए कि जीवन में कभी नशा नहीं करेंगे। इस संपूर्ण कार्यक्रम में सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल व्यास, प्रमोद कुमार उपस्थित रहे। नाटक का लेखन व निर्देशन योबी जॉर्ज ने किया, नाटक में जुम्मा खान, मनोज कड़ेड़े, तरुण कुमार, शब्बीर खान, शाहरुख आदि ने भूमिका निभाई।



नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ।